रजिस्ट्री सं. डी.एल.—33004/99 REGISTERED NO. D. L.—33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 20] नई दिल्ली, शनिवार, मई 15, 1999/वैशाख 25, 1921
No. 20] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 15, 1999/VAISAKHA 25, 1921

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

## भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
## PART II—Section 3—Sub-section (i)

**भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किये गये साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित हैं)**

**General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws etc. of a general Character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)**

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(कम्पनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 29 अप्रैल, 1999

सा.का.नि. 141.—केन्द्रीय सरकार, एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 67 के साथ पठित धारा 6 की उपधारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग (अध्यक्ष और सदस्य सेवा शर्त) नियम, 1970 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग (अध्यक्ष और सदस्य सेवा शर्त) संशोधन नियम, 1999 है ।

(2) ये 1 जनवरी, 1996 से प्रवृत्त हुए समझे जाएंगे।

2. एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग (अध्यक्ष और सदस्य सेवा शर्त) नियम, 1970 में—

(क) नियम 3 के उपनियम (3) में "आठ हजार" शब्दों के स्थान पर "छब्बीस हजार" शब्द रखे जाएंगे ।

(ख) नियम 4 में "1 जनवरी, 1986 से ही 7300-100-7600 रु. के वेतनमान में वेतन" शब्दों और अंकों के स्थान पर "1 जनवरी, 1996 से ही 22,400-525-24,500 रु. के वेतनमान में वेतन" शब्द और अंक रखे जाएंगे ।

[सं. ए-12018/5/98-प्र. (i)]

आर. डी. जोशी, संयुक्त सचिव

स्पष्टीकरण ज्ञापन

एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग (अध्यक्ष और सदस्य सेवा शर्त) नियम, 1970 के नियम 4 का संशोधन

केन्द्रीय सरकार के अधिकारियों के वेतनमान और भत्तों में पांचवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप पहली जनवरी, 1996 से ऊपरी पुनरीक्षण किया गया था । परिणामस्वरूप आयोग के सदस्यों के वेतनमान और भत्तों को पुनरीक्षित करने का विनिश्चय किया गया था । एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 की धारा 67 केन्द्रीय सरकार को भूतलक्षी रूप से उस तारीख से, जो 1 जनवरी, 1986 से पहले की न हो, आयोग सदस्यों की सेवा शर्तों के संबंध में नियम बनाने के लिए सशक्त करती है । अतः सदस्यों के वेतनमान और भत्तों को भूतलक्षी रूप से 1 जनवरी, 1996 से पुनरीक्षित करने के लिए नियम 4 में यथोचित संशोधन किया जा रहा है । इस संशोधन के जारी किए जाने और इसे भूतलक्षी प्रभाव दिए जाने से किसी भी व्यक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है ।

अधिसूचनाएं :—

(1) सा.का.नि. 1122 दिनांक 1-8-1970
(2) सा.का.नि. 371(ई) दिनांक 23-8-1974
(3) सा.का.नि. 448 (ई) दिनांक 12-7-1976
(4) सा.का.नि. 767 दिनांक 9-6-1979
(5) सा.का.नि. 508(ई) दिनांक 7-9-1981
(6) सा.का.नि. 1(ई) दिनांक 1-1-1988

MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS

(Department of Company Affairs)

New Delhi, the 29th April, 1999

G.S.R. 141.—In exercise of he powers conferred by sub-section (5) of section 6 read with section 67 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969 (54 of 1969), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Monopolies and Restrictive Trade Practices Commission (Conditions of Service of Chairman and Members) Recruitment Rules, 1970, namely :—

1. (1) These rules may be called the Monopolies and Restrictive Trade Practices Commission (Conditions of Service of Chairman and Members) Amendment Rules, 1999.

(2) They shall be deemed to have come into force on and from the 1st day of January, 1996.

2. In the Monopolies and Restrictive Trade Practices Commission (Conditions of Service of Chairman and Members) Rules, 1970 :—

(a) in sub-rule (3) of rule 3, for the words "eight thousand" the words "twenty-six thousand" shall be substituted :

(b) in rule 4, for the words, figures and letters "on and from the 1st day of January, 1986 a salary in the scale of rupees 7300-100-7600", the words, figures and letter "on and from the 1st day of January, 1996, a salary in the scale of pay rupees 22400-525-24500" shall be substituted.

[No. A-12018/5/98-Ad.I]

R. D. JOSHI, Jt. Secy.

EXPLANATORY MEMORANDUM

Amendment to Rule 4 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Commission (Conditions of Service of Chairman and Members) Rules, 1970

The scale of pay and allowances of Central Government officers were revised upwards with effect from the 1st of January, 1996, on the implementation of the recommendations of the Fifth Central Pay Commission. Consequently, a decision was taken to revise the scales of pay and allowances of Members of the Commission. Section 67 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969, empowers the Central Government to make rules in relation to the conditions of service of the Members of the Commission retrospectively to a date not earlier than 1st January, 1986. Rule 4 is, therefore, suitably amended to revise the scale of pay and allowances of the Members retrospectively from 1st January, 1996. No person is likely to be adversely affected by the issue of the amendment and giving it retrospective effect.

NOTIFICATIONS

(1) GSR 1122 dated 1-8-1970.
(2) GSR 371(E) dated 23-8-1974.
(3) GSR 448(E) dated 12-7-1976.
(4) GSR 767 dated 9-6-1979.
(5) GSR 508(E) dated 7-9-1981.
(6) GSR 1(E) dated 1-1-1988.

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 29 अप्रैल, 1999

प्रस्तावित विनियम का प्रारूप

देना बैंक सामान्य विनियम, 1998

सा.का.नि. 142 :—देना बैंक का निदेशक मण्डल बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार की पूर्व-स्वीकृति से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :—

अध्याय—1

प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :

(1) इन विनियमों को देना बैंक सामान्य विनियम, 1998 कहा जा सकेगा ।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं :—इन विनियमों में, जब तक कि उनके विषय अथवा संदर्भ या तात्पर्य में कुछ भी प्रतिकूल न हो :—

(क) "अधिनियम" से बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5/1980 का 40) अभिप्रेत है ।

(ख) "बैंक" से उक्त अधिनियम की धारा 3 के अधीन गठित देना बैंक अभिप्रेत है।

(ग) "मण्डल" से उक्त अधिनियम की धारा 9 के अधीन गठित निदेशक मण्डल अभिप्रेत है।

(घ) "अध्यक्ष" से उक्त मण्डल का अध्यक्ष अभिप्रेत है।

(ङ) "समिति" से उक्त मण्डल द्वारा यथागठित समिति अभिप्रेत है।

(च) "कार्यपालक निदेशक" से पूर्णकालिक निदेशक किन्तु प्रबंध निदेशक नहीं, अभिप्रेत है।

(छ) "महा प्रबंधक" से बैंक का महा प्रबंधक अभिप्रेत है।

(ज) "प्रबंधन समिति" से उक्त योजना के खण्ड 13 के अधीन गठित समिति से अभिप्रेत है।

(झ) "प्रबंध निदेशक" से बैंक का प्रबंध निदेशक अभिप्रेत है।

(ञ) "रजिस्टर" से बैंक की एक या उससे अधिक बहियों में रखा गया शेयरधारकों का रजिस्टर अभिप्रेत है और जिसमें उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2ठ) के अधीन कंप्यूटर फ्लापियों अथवा डिस्केटों में रखा गया शेयरधारकों का रजिस्टर शामिल है।

(ट) "पंजीयक" से बैंक द्वारा निम्नलिखित के लिए नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है:—

(i) किसी निर्गम के संबंध में निवेशकों से आवेदन पत्र एकत्रित करना।

(ii) निवेशकों से प्राप्त आवेदनों एवं धनराशियों और प्रतिभूतियों के विक्रेताओं को भुगतान की गई धन राशियों का समुचित अभिलेख रखना।

(iii) बैंक को निम्नलिखित कार्य में सहायता करना :

(क) शेयर बाजार के परामर्श से प्रतिभूतियों के आवंटन के आधार का विनिश्चय करना।

(ख) प्रतिभूतियों के आवंटन के पात्र व्यक्तियों की सूची को अंतिम रूप प्रदान करना।

(ग) उक्त निर्गमन से संबंधित आवंटन पत्रों, वापसी आदेशों अथवा प्रमाणपत्रों एवं अन्य संबंधित प्रलेखों की छानबीन और उनका प्रेषण, एवं

(iv) बैंक द्वारा समय-समय पर सौंपे जाने वाले ऐसे ही अन्य कार्य करना,

(ठ) "योजना" से राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970/80 अभिप्रेत है।

(ड) "शेयर" से बैंक की शेयरपूंजी में शेयर अभिप्रेत है।

(ढ) "शेयर अंतरण अभिकर्ता" में निम्नलिखित का समावेश है :

(i) कोई भी ऐसा व्यक्ति, जो बैंक की ओर से बैंक द्वारा जारी प्रतिभूतियों के धारकों के अभिलेख रखता हो तथा उसकी प्रतिभूतियों के अंतरण एवं शोधन से संबंधित मामलों की देख-रेख करता हो, अथवा

(ii) उपवाक्य (i) में यथावर्णित गतिविधियों का संचालन करने वाला बैंक का (जिस किसी भी नाम से ज्ञात) विभाग या प्रभाग

(ण) अध्याय 3 में प्रयुक्त और इन विनियमों में अपरिभाषित किन्तु डिपोजिटरीज अधिनियम, 1996 (1996 का अधिनियम 22) में परिभाषित शब्दों एवं अभिव्यक्तियों का अभिप्राय उक्त अधिनियम में उनसे अभिप्रेत अभिप्राय ही होगा।

(त) इन विनियमों में प्रयुक्त और अपरिभाषित किन्तु उक्त अधिनियम या योजना में प्रयुक्त अन्य अभिव्यक्तियों का अभिप्राय अधिनियम अथवा योजना में उनसे अभिप्रेत अभिप्राय ही होगा।

## अध्याय—2
## शेयर एवं शेयर रजिस्टर

3. शेयरों का स्वरूप—बैंकों के शेयर चल संपत्ति होंगे, जो इन विनियमों के अधीन किए गए प्रावधान के अनुरूप हस्तांतरणीय होंगे।

4. शेयर पूंजी के प्रकार:—

(i) अधिमानी शेयर पूंजी से अभिप्रेत है बैंक की शेयर पूंजी का वह अंश जो निम्नलिखित दोनों ही शर्तें पूरी करता हो —

(क) जहां तक लाभांशों का संबंध है वे इस आशय के अधिमानी अधिकार रखते हैं जिसके अधीन एक नियत रकम या नियत दर पर परिकलित किसी ऐसी रकम का भुगतान करना होता है जो आयकर से या तो मुक्त होती है या फिर उसके अधीन होती है।

(ख) जहां तक पूंजी का संबंध है वह इस आशय के अधिमानी अधिकार रखती है या रखेगी, जिनके अधीन समापन पर पूंजी की चुकौती का इस प्रकार प्रावधान होगा कि चुकता की गई या चुकता मानी गई पूंजी की रकम चुकता की जाए चाहे निम्नलिखित प्रकार की दोनों रकमों में से किसी भी एक या दोनों रकमों के भुगतान के लिए अधिमानी अधिकार हों या न हों, अर्थात् :—

(क) समापन की तिथि या पूंजी की चुकौती की विधि तक खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट रकमों से संबंधित भुगतान के लिए कोई भी रकम तथा

(ख) केन्द्रीय सरकार की पूर्व-सहमति से मण्डल द्वारा विनिर्दिष्ट कोई भी नियत प्रीमियम या किसी नियत मान पर प्रीमियम ।

(ii) "इक्विटी शेयर पूंजी" से अभिप्रेत है ऐसी समस्त शेयर पूंजी जो अधिमानतः शेयर पूंजी न हो ।

(iii) "अधिमानतः शेयर" और "इक्विटी शेयर" अभिव्यक्तियों से तदनुसार अभिप्रेत होगा ।

5. रजिस्टर में दर्ज किए जाने वाले विवरण :

(i) उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा 2(च) के अनुसार एक रजिस्टर बनाया जाएगा, रखा जाएगा और उसे अद्यतन रखा जाएगा ।

(ii) उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा 2(च) में विनिर्दिष्ट विवरणों के अलावा उक्त रजिस्टर में ऐसे अन्य विवरण भी दर्ज किए जाएंगे जो मण्डल द्वारा निर्धारित किए जाएं ।

(iii) किसी शेयर के संयुक्त धारक होने की स्थिति में उप-विनियम (i) द्वारा अपेक्षित उनके नाम एवं अन्य विवरण ऐसे संयुक्त धारकों के प्रथम नाम के अधीन वर्गीकृत किए जाएंगे ।

(iv) उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा 2(घ) के परन्तुक के अधीन भारत के बाहर निवास करने वाला कोई शेयरधारक बैंक को भारत के भीतर वाला कोई पता प्रस्तुत कर सकेगा और ऐसा कोई भी पता रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा और वह उक्त अधिनियम एवं इन विनियमों के प्रयोजन हेतु उसका पंजीकृत पता माना जाएगा ।

(v) किसी न्यास (ट्रस्ट) की स्पष्ट, निहित या प्रलक्षित किसी भी स्वरूप के नोटिस को रजिस्टर में दर्ज नहीं किया जाएगा अथवा वह बैंक द्वारा प्राप्य नहीं होगी ।

6. शेयरों और रजिस्टरों पर नियंत्रण :—उक्त अधिनियम और इन विनियमों के प्रावधानों तथा मण्डल द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले दिशानिर्देशों के अधीन उक्त रजिस्टर (बैंक का नाम) के प्रधान कार्यालय में बनाया और रखा जाएगा तथा वह मण्डल के नियंत्रणाधीन रहेगा एवं किसी शेयर के संबंध में कोई व्यक्ति शेयरधारक के रूप में पंजीकृत किए जाने हेतु पात्र है या नहीं इस संबंध में मण्डल का निर्णय अंतिम होगा ।

7. ऐसी पार्टियां जो शेयरधारक के रूप में पंजीकृत नहीं की जा सकती :

(i) इन विनियमों में अन्यथा किए गए प्रावधानों के अलावा ऐसे सभी व्यक्ति जो संविदा करने में सक्षम नहीं हैं, शेयरधारक के रूप में पंजीकृत किए जाने के पात्र नहीं होंगे और इस संबंध में मण्डल का निर्णय निर्णायक एवं अंतिम होगा ।

(ii) फर्मों के मामले में शेयरों को अलग-अलग भागीदारों के नाम पर पंजीकृत किया जा सकता है और इस प्रकार कोई भी फर्म शेयरधारक के रूप में पंजीकृत किए जाने की पात्र नहीं होगी ।

8. कंप्यूटर प्रणाली आदि में शेयर रजिस्टर का रख-रखाव।

(i) विनियम 5 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार पठित उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा 2 (च) के अधीन शेयर रजिस्टर में दर्ज किए जाने हेतु आवश्यक विवरण उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा 2 (छ) के अधीन प्रधान कार्यालय में रखे जाने वाले कम्प्यूटरों में डिस्केटों, फ्लापियों, कार्ट्रिजों या अन्यथा [जिन्हें इसमें इसके बाद "माध्यम (मीडिया)" कहा गया है] के रूप में चुम्बकीय/चाक्षुषीय/चुम्बकीय-चाक्षुषीय मीडिया में भंडारित आंकड़े के रूप में रखे जाएंगे और उनकी मूलभूत सामग्री (बैंक अप) ऐसे स्थान पर रखी जाएगी, जो अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या इस उद्देश्य के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा समय-समय पर पदनामित किए जाने वाले कम से कम महा प्रबंधक की श्रेणी के किसी अधिकारी (जिसे इसमें इसके बाद "उक्त पदनामित अधिकारी" कहा गया है), द्वारा निर्धारित किया जाए ।

(ii) डिपोजिटरी अधिनियम, 1996 की धारा 11 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 3(ख) के अधीन शेयर रजिस्टर में दर्ज किए जाने हेतु आवश्यक विवरण उसमें निर्धारित तरीके और विधि से इलेक्ट्रानिक रूप में रखे जाएंगे ।

9. कंप्यूटर प्रणाली के संरक्षण हेतु पूर्वोपाय :

(i) विनियम 8(1) में निर्धारित उस प्रणाली, जिसमें आंकड़े भंडारित किए जाते हों, तक पहुंच केवल उन्हीं व्यक्तियों तक सीमान्धित होगी जिनमें किसी निर्गम

के ऐसे पंजीयक और/अथवा शेयर हस्तांतरण अभिकर्ता शामिल होंगे, जो इस उद्देश्य के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा पदनामित अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किये गये हों तथा उसके पासवर्ड, यदि कोई हों एवं इलेक्ट्रानिक सुरक्षा नियंत्रण प्रणाली को उपयुक्त व्यक्तियों के अभिरक्षण में गोपनीय रखा जाएगा ।

(ii) प्राधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को कंप्यूटर प्रणाली द्वारा लॉगबुक में अभिलिखित किया जाएगा और ऐसे लॉग को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा पदनामित अधिकारी द्वारा इस उद्देश्य के लिए पदनामित अधिकारियों/व्यक्तियों द्वारा सुरक्षित रखा जाएगा ।

(iii) मूलभूत सामग्री (बैक अप) की प्रतियां स्थानांतरणीय मीडिया में ऐसे अंतरालों पर निकाली जाएंगी जो अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा पदनामित अधिकारी द्वारा समय-समय पर निर्धारित किए जाएंगे, जिसमें शेयरधारकों के रजिस्टर में किए गये परिवर्तन भी शामिल होंगे। इन प्रतियों की कम से कम एक प्रति ऐसे स्थान पर भंडारित की जाएगी जो कि इस परिसर से अलग हो जिसमें उसकी जांच पड़ताल की जा रही हो । इस प्रति को किसी ऐसे अग्निसह पर्यावरण में भंडारित किया जाएगा, जिसमें ताला लगाए जाने की व्यवस्था हो तथा जहां का तापमान अपेक्षित स्तर वाला हो । दोनों ही स्थानों पर रखी गयी मूलभूत सामग्रियों (बैक अप) तक प्रवेश केवल उन्हीं व्यक्तियों तक प्रतिबंधित होगा, जो इस उद्देश्य के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा पदनामित अधिकारी द्वारा प्राधिकृत हों । इस प्रकार प्राधिकृत व्यक्तियों को अपने को अपने प्रवेश को उक्त स्थान पर रखे गए दस्ती रजिस्टर में अभिलिखित करना होगा ।

(iv) प्राधिकृत व्यक्तियों का यह कर्तव्य होगा कि वे मूलभूत सामग्री (बैक अप) के आंकड़ों का कंप्यूटर प्रणाली के आंकड़ों के समुचित सॉफ्टवेयर से मिलान करें, ताकि मूलभूत सामग्री (बैक अप) की शुद्धता सुनिश्चित हो सके । इस कार्य के परिणाम को इस प्रयोजन हेतु रखे गये रजिस्टर में अभिलिखित करना होगा ।

(v) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के लिए यह विधि-सम्मत होगा कि वह किसी विशेष या सामान्य आदेश द्वारा प्रौद्योगिकी के विकास और/अथवा शर्तों की अपरिहार्यता या किसी अन्य सम्बद्ध कारण के उचित आधार पर कंप्यूटर प्रणाली में रखे जाने वाले शेयरधारकों के रजिस्टर में बरते जाने वाले पूर्वोपायों से संबंधित अनुदेशों को परिवर्धित या आशोधित करें।

10. संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग :—यदि कोई शेयर दो या उससे अधिक व्यक्तियों के नाम पर हो तो रजिस्टर में पहले नामोल्लिखित व्यक्ति को, मतदान, लाभांश प्राप्ति, नोटिसें देने तथा शेयर हस्तांतरण के अलावा बैंक से संबंधित सभी या किसी मामले में, उसका एकमात्र धारक माना जाएगा।

11. रजिस्टर का निरीक्षण :

(i) उक्त रजिस्टर विनियम 12 के अधीन बंद रखे जाने के अलावा किसी भी शेयरधारक के निःशुल्क निरीक्षण के लिए कारोबार के समय के दौरान जिस स्थान पर उसे रखा गया हो, उस स्थान पर, ऐसे उपयुक्त प्रतिबन्धों के अधीन उपलब्ध रहेगा, जो मण्डल द्वारा लगाए जाएं, किन्तु वह इस प्रकार उपलब्ध रहेगा कि प्रत्येक कामकाज के दिन कम से कम दो घन्टे के लिए निरीक्षण की अनुमति रहे।

(ii) कोई भी शेयरधारक उक्त रजिस्टर की किसी भी प्रविष्टि को निःशुल्क उद्धृत कर सकेगा अथवा यदि वह उक्त रजिस्टर या उसके किसी हिस्से की प्रति या कंप्यूटर प्रिंट चाहे तो उसे नकल किए जाने वाले प्रत्येक 100 शब्द या उसके आनुपातिक हिस्से के लिए रु. 5/-की दर से पूर्व-भुगतान किए जाने पर वह उपलब्ध हो सकेगी।

(iii) उप-विनियम (ii) में किसी बात के अन्यथा होते हुए भी विहित रूप से प्राधिकृत किसी सरकारी अधिकारी को उक्त रजिस्टर में की गई किसी भी प्रविष्टि की प्रति निकालने का अधिकार होगा अथवा उक्त रजिस्टर या उसके किसी हिस्से की प्रति उसे उपलब्ध कराई जाएगी।

12. रजिस्टर बंद करना :—बैंक भारत में प्रसारित होने वाले कम से कम दो समाचार पत्रों में विज्ञापन द्वारा कम से कम सात दिनों की पूर्व-सूचना देते हुए शेयरधारकों का रजिस्टर किसी भी ऐसी अवधि या अवधियों के लिए बंद कर सकता है, जो उसकी राय में आवश्यक हो तथा जो प्रत्येक वर्ष में कुल मिला कर पैंतालीस दिन से अधिक नहीं, किन्तु किसी एक बार में तीस दिन से अधिक नहीं होगी।

13. शेयर प्रमाण पत्र

(i) प्रत्येक शेयर प्रमाण पत्र पर शेयर प्रमाणपत्र संख्या, एक प्रभेदक संख्या, उन शेयरों की संख्या जिनके संबंध में उन्हें जारी किया जा रहा हो तथा उस शेयर-धारक का नाम जिसे वह जारी किया जा रहा हो, दिए गये होंगे और ये सब मण्डल द्वारा किए गये निर्णय के अनुरूप होंगे ।

(ii) प्रत्येक शेयर प्रमाणपत्र मण्डल द्वारा पारित संकल्प के अनुसरण में बैंक की सामान्य मुद्रा (सील) के अधीन जारी किया जाएगा तथा वह दो निदेशकों एवं इस प्रयोजन के लिए मण्डल द्वारा नियुक्त

कुछेक अन्य अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित होगा ।

शर्त यह है कि निदेशकों के हस्ताक्षर किसी ऐसी यांत्रिक प्रक्रिया के द्वारा मुद्रित, उत्कीर्णित, शिलामुद्रित या मुद्रांकित किए जाएंगे, जिनके लिए मण्डल निदेश दे ।

(iii) इस प्रकार मुद्रित, उत्कीर्णित, शिलामुद्रित या अन्यथा मुद्रांकित हस्ताक्षर स्वयं हस्ताक्षरी की समुचित लिखावट में किए गये हस्ताक्षर जितने ही वैध होंगे ।

(iv) कोई भी शेयर प्रमाणपत्र तब तक वैध नहीं होगा, जब तक कि वह इस प्रकार हस्ताक्षरित न हो, इस प्रकार हस्ताक्षरित शेयर प्रमाणपत्र इस बात के बावजूद भी वैध और बाध्यकर होंगे कि उनके जारी किए जाने के पूर्व वह व्यक्ति जिसने उन पर हस्ताक्षर किया है, बैंक की ओर से शेयर प्रमाणपत्रों पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति नहीं रह गया है।

(v) यदि इस प्रकार तैयार किए शेयर प्रमाण पत्रों पर उपर्युक्त उप-खंड (ii) में यथा-वर्णित रूप से किसी ऐसे प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर हों जिसकी शेयर प्रमाणपत्र जारी किए जाने के समय फिल-हाल मृत्यु हो गई हो, तो बैंक किसी ऐसे तरीके से जिसे वह सर्वथा उपयुक्त समझे, प्रमाणपत्र पर किए गए ऐसे व्यक्ति के हस्ताक्षर को रद्द कर सकता है और उन पर किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर करवा सकता है । इस प्रकार जारी किए गए शेयर प्रमाणपत्र वैध होंगे ।

14. प्रमाणपत्र जारी किया जाना :

(i) किसी शेयरधारक को शेयर प्रमाणपत्र जारी करते समय मण्डल के लिए यह उपयुक्त होगा कि वह किसी एक अवसर पर उसके नाम पर पंजीकृत प्रत्येक सौ शेयरों या उनके गुणजों के लिए एक प्रमाणपत्र तथा उससे अधिक संख्या वाले शेयरों किन्तु जो सौ शेयरों से कम हो, के लिए एक अतिरिक्त शेयर प्रमाणपत्र के आधार पर प्रमाणपत्र जारी करे ।

(ii) यदि पंजीकृत किए जाने वाले शेयरों की संख्या सौ से कम हो तो समस्त शेयरों के लिए एक प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा ।

(iii) कुछेक व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से धारित किसी शेयर/किन्हीं शेयरों के संबंध में बैंक एक से अधिक प्रमाणपत्र जारी करने हेतु बाध्य नहीं होगा तथा कुछेक संयुक्त धारकों में से किसी एक को एक शेयर प्रमाणपत्र की सुपुर्दगी ऐसे सभी धारकों को की गई पर्याप्त सुपुर्दगी होगी ।

15. शेयर प्रमाणपत्रों का नवीकरण :

(i) यदि कोई प्रमाणपत्र घिस गया हो या खराब हो गया हो तो मण्डल या उसके द्वारा पदनामित समिति ऐसा प्रमाणपत्र प्रस्तुत किये जाने पर उसे रद्द किए जाने तथा उसके स्थान पर नया प्रमाणपत्र जारी किये जाने का आदेश दे सकता/सकती है।

(ii) यदि किसी प्रमाणपत्र के खो जाने या नष्ट हो जाने विषयक अभिकथन किया गया हो तो मण्डल या उसके द्वारा पदनामित समिति द्वारा जामिन सहित या उसके बिना ऐसी पहचान किए जाने पर जो मण्डल या समिति उपयुक्त समझे तथा दो समाचारपत्रों में प्रकाशन पर एवं बैंक को उसकी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान किए जाने पर उस प्रमाणपत्र के स्थान पर उसकी अनुलिपि उस व्यक्ति को प्रदान की जा सकती है जो इस प्रकार खोए हुए या नष्ट हुए प्रमाणपत्रों हेतु पात्र हो ।

16. शेयरों का समेकन एवं उप-विभाजन :

शेयरधारक (कों) द्वारा लिखित आवेदन किए जाने पर मण्डल या उसके द्वारा पदनामित समिति उसे समेकन/उप-विभाजन, जैसी भी स्थिति हो, के लिए प्रस्तुत शेयरों को समेकित या उप-विभाजित कर सकता/सकती है तथा बैंक को उसकी लागतों, प्रभारों तथा व्ययों एवं उक्त मामले के प्रासंगिक खर्चों का भुगतान किए जाने पर उस/उन प्रमाणपत्र/पत्रों के स्थान पर नया/नये प्रमाणपत्र जारी कर सकता/सकती है ।

17. शेयरों का हस्तांतरण :

(i) बैंक के शेयरों का प्रत्येक हस्तांतरण इसके साथ संलग्न फार्म "क" या बैंक द्वारा समय-समय पर अनुमोदित किए जाने वाले ऐसे ही अन्य फार्म में हस्तांतरण लिखत के माध्यम से होगा तथा वह हस्तांतरणकर्ता एवं हस्तांतरिती द्वारा या उनकी ओर से संबंधित शेयर प्रमाणपत्र के साथ ही विहित रूप से मुद्रांकित दिनांकित एवं निष्पादित किया जाएगा ।

(ii) शेयर प्रमाणपत्र के साथ उक्त हस्तांतरण लिखत बैंक को उसके प्रधान कार्यालय में प्रस्तुत किया जाएगा तथा जब तक शेयर हस्तांतरण रजिस्टर में हस्तांतरिती का नाम दर्ज नहीं कर दिया जाता, तब तक यह माना जाएगा कि हस्तांतरणकर्ता ही ऐसे शेयर का धारक है ।

(iii) बैंक द्वारा हस्तान्तरण को पंजीकृत करने हेतु अनुरोध सहित शेयर प्रमाणपत्र के साथ हस्तान्तरण लिखत की प्राप्ति पर मण्डल या उसके द्वारा पदनामित समिति

शेयर प्रमाणपत्र के साथ उक्त हस्तान्तरण लिखत को, तकनीकी आवश्यकताओं का उनकी परिपूर्णता के अनुरूप अनुपालन किया गया है या नहीं, इस बात के सत्यापन के प्रयोजन से पंजीयक और/अथवा शेयर हस्तान्तरण अभिकर्ताओं को अग्रेषित करेगा/करेगी। पंजीयक और/अथवा शेयर हस्तान्तरण अभिकर्ता शेयर प्रमाणपत्र, यदि कोई हो, के साथ उक्त हस्तान्तरण लिखत निम्नलिखित शर्त पूरी न होने की स्थिति में हस्तान्तरिती को पुनर्प्रस्तुतीकरण हेतु वापस करेगा :

(क) विहित रूप से मुद्रांकित एवं पंजीकरण हेतु समुचित रूप से निष्पादित हस्तान्तरण लिखत बैंक को प्रस्तुत किए जाएं तथा उनके साथ लिखत जिन प्रमाणपत्रों से सम्बन्धित हो, वे शेयर तथा ऐसे अन्य साक्ष्य भी लगे हों, जिन्हें इस प्रकार का हस्तान्तरण करने हेतु हस्तान्तरणकर्ता का हक दर्शाने के लिए मण्डल को आवश्यकता हो।

(ख) पंजीयक इस बात से सन्तुष्ट हो कि हस्तांतरिती हस्तान्तरण लिखत में समाविष्ट शेयरों के सम्बन्ध में बैंक के शेयरधारक के रूप में पंजीकृत किए जाने की अर्हता रखता हो।

(iv) मण्डल या उसके द्वारा पदनामित समिति जब तक कि वह विनियम 19 के अधीन हस्तान्तरण पंजीकृत करने से इन्कार न कर दे, इसमें इसके बाद हस्तान्तरण को पंजीकृत करेगा/करेगी।

18. हस्तान्तरणों को निलम्बित करने का अधिकार :— मण्डल या उसके द्वारा पदनामित समिति उस अवधि में कोई भी हस्तान्तरण पंजीकृत नहीं करेगा/करेगी जिसमें रजिस्टर बन्द रखा गया हो।

19. शेयर हस्तान्तरण के पंजीकरण को अस्वीकृत करने से सम्बन्धित मण्डल के अधिकार :—मण्डल निम्नलिखित में से किसी एक या उससे अधिक आधार पर और किसी अन्य आधार पर नहीं हस्तान्तरिती के नाम पर किसी शेयर को हस्तान्तरित करने से इन्कार कर सकता है :

(क) उक्त अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए विनियमों या किसी अन्य कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए या फिर ऐसे हस्तान्तरण के पंजीकरण से सम्बन्धित कानून के अधीन किसी अन्य अपेक्षा के पूरी न होने की स्थिति में शेयरों का हस्तान्तरण।

(ख) मण्डल की राय में शेयरों का हस्तान्तरण बैंक के हितों या लोकहित के प्रतिकूल हो।

(ग) न्यायालय, अधिकरण या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य कानून के अधीन किसी अन्य प्राधिकरण द्वारा शेयर हस्तान्तरण प्रतिबन्धित हो।

(घ) भारत से बाहर निवास करने वाले किसी व्यक्ति या कम्पनी या भारत में अप्रवृत्त किसी कानून के अधीन गठित किसी कम्पनी में या ऐसी कम्पनी की किसी शाखा चाहे तो वह भारत से बाहर की निवासी हो या नहीं, हस्तान्तरण हेतु दी जा रही अनुमति पर उसके फलस्वरूप बैंक के शेयरों को धारित कर सकेगा/सकेगी या प्राप्त कर सकेगा/सकेगी तथा इस प्रकार किया गया कुल निवेश चुकता पूंजी के 20% (बीस प्रतिशत) से अधिक या केन्द्रीय सरकार द्वारा सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट प्रतिशत से अधिक होगा।

तथापि, शर्त यह है कि ऊपर उपविनियम (i)(ग) में यथा उल्लिखित अस्वीकृति सम्बन्धी अधिकारों का उपयोग मण्डल द्वारा पदनामित समिति द्वारा इस प्रयोजन हेतु किया जाएगा।

(ii) मण्डल बैंक के शेयरों के हस्तान्तरण लिखत को ऐसे हस्तान्तरण के पंजीकरण के प्रयोजन के लिए उसके पास जमा किए जाने के उपरान्त अपना इस आशय का अभिमत बनाएगा कि ऐसे पंजीकरण को उपविनियम (i) में उल्लिखित आधारों में से किसी एक आधार पर अस्वीकृत किया जाना आवश्यक है या नहीं—

(क) यदि, उसने इस आशय का अभिमत बनाया है कि ऐसे पंजीकरण को इस प्रकार अस्वीकृत किया जाना उचित नहीं है तो वह ऐसे पंजीकरण को प्रभावी बनाएगा; और

(ख) यदि, उसने इस आशय का अभिमत बनाया है कि ऐसे पंजीकरण को उपविनियम (i) में वर्णित आधारों में से किसी एक आधार पर अस्वीकृत किया जाना उचित है तो वह हस्तान्तरण फार्म प्राप्त होने के साठ दिनों के भीतर लिखित सूचना द्वारा हस्तान्तरणकर्ता एवं हस्तान्तरिती को सूचित करेगा।

20. मृत्यु, दिवाला आदि की स्थिति में शेयरों का प्रेषण :—(i) किसी शेयर के सम्बन्ध में मृत शेयरधारक के निष्पादकों या प्रशासकों अथवा वसीयत की प्रति सहित या उसके बिना वसीयत प्रमाणपत्र या प्रशासन पत्र के धारक, या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 के भाग (X) के अधीन जारी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र या किसी विधिक प्रतिनिधित्व के धारक या कोई ऐसा व्यक्ति जिसके पक्ष में मृत एकल धारक द्वारा अपने जीवनकाल के दौरान वैध हस्तान्तरण लिखत निष्पादित किया गया था, एकमात्र ऐसे व्यक्ति होंगे जिन्हें बैंक द्वारा ऐसे शेयर पर किसी प्रकार का हक रखने वाला माना जाएगा।

(ii) शेयर के दो या उससे अधिक शेयरधारकों के नाम पर पंजीकृत होने के मामले में उत्तरजीवी या उत्तरजीवीगण तथा अन्तिम उत्तरजीवी की मृत्यु हो जाने पर, उसके निष्पादक या प्रशासक या कोई ऐसा व्यक्ति जो वसीयत पत्र या वसीयत लगे हुए या उसके बिना प्रशासन पत्र या उत्तराधिकार प्रमाणपत्र या उक्त शेयर से जुड़े ऐसे उत्तरजीवी के हितों के सम्बन्ध में किसी अन्य विधिक प्रतिनिधित्व का धारक हो या ऐसा व्यक्ति जिसके पक्ष में उक्त व्यक्ति द्वारा एवं ऐसे अन्तिम उत्तरजीवी द्वारा अन्तिम उत्तरजीवी के जीवनकाल में वैध शेयर हस्तान्तरण लिखत निष्पादित किया गया हो, एकमात्र ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे बैंक द्वारा ऐसे शेयर पर किसी प्रकार का हक रखने वाले के रूप में मान्यता प्रदान की जाएगी।

(iii) बैंक ऐसे निष्पादकों या प्रशासकों को तब तक मान्यता प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं होगा, जब तक कि उन्होंने सक्षम क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय से वसीयत प्रमाण पत्र या प्रशासन पत्र या उत्तराधिकार प्रमाणपत्र, जैसी भी स्थिति हो, प्राप्त न किया हो।

तथापि, शर्त यह है कि यदि मण्डल अपने विवेक के अधीन यह उचित समझे तो उसके लिए यह विधिसम्मत होगा कि वह क्षतिपूर्ति या अन्यथा ऐसी शर्तों "जिन्हें व उचित समझे" के पूरी किए जाने पर वसीयतपत्र या प्रशासन-पत्र या उत्तराधिकार पत्र या ऐसे ही अन्य विधिक प्रतिनिधित्व के प्रस्तुतीकरण से छूट दे सकता है।

(iv) किसी शेयरधारक की मृत्यु के परिणामस्वरूप शेयर का पात्र होने वाले किसी व्यक्ति या किसी शेयरधारक के दिवालिया, अकिंचन या परिसमाप्त हो जाने के फलस्वरूप शेयर का पात्र होने वाले किसी व्यक्ति को मण्डल द्वारा यथापेक्षित साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने पर निम्नलिखित का अधिकार होगा —

(क) ऐसे शेयर के सम्बन्ध में शेयरधारक के रूप में पंजीकृत किया जाना;

(ख) ऐसे शेयर का इस प्रकार हस्तान्तरण करना जैसे कि वह व्यक्ति कर सकता था जिससे उसने हक प्राप्त किया हो।

21. शेयरधारक का पंजीकरण हेतु पात्र न रह जाना :— चाहे एकल या किसी अन्य अथवा अन्यों के साथ संयुक्त रूप से शेयरधारक के रूप में पंजीकृत किसी भी व्यक्ति का यह कर्त्तव्य होगा कि वह किसी भी शेयर के सम्बन्ध में इस प्रकार पंजीकृत किए जाने के योग्य न रह जाने के तुरन्त बाद इस विषय में निदेशक मण्डल को अपनी अयोग्यता की सूचना दे।

22. शेयरों से सम्बन्धित मांग :—मण्डल समय-समय पर शेयरधारकों से उनके द्वारा धारित शेयरों पर भुगतान के लिए बकाया रहने वाली उन समस्त धनराशियों, जो आवंटन की शर्तों द्वारा नियत अवधियों पर देय नहीं होतीं, के सम्बन्ध में ऐसी मांग करे, जो वह उचित समझे और प्रत्येक शेयरधारक को उससे इस प्रकार की गई प्रत्येक मांग की रकम का भुगतान उक्त व्यक्ति को मण्डल द्वारा नियम समय पर एवं स्थान पर करना होगा। मांग किस्तों में देय हो सकती है।

23. संकल्प की तिथि से मांग :—किसी मांग को उस समय से की गई माना जाएगा जब से ऐसी मांग प्राधिकृत करते हुए मण्डल द्वारा संकल्प पारित किया गया हो तथा उसे रजिस्टर में दर्ज शेयरधारकों द्वारा ऐसी तिथि या मण्डल के विवेकाधिकार से उसके द्वारा नियत की जाने वाली उत्तरवर्ती तिथि से देय बनाया जाना चाहिए।

24. मांग नोटिस :—प्रत्येक मांग का कम से कम तीस दिन का नोटिस दिया जाएगा, जिसमें भुगतान के समय का उल्लेख होगा, बशर्ते कि ऐसी मांग के भुगतान के समय के पूर्व मण्डल शेयरधारकों को दिए जाने वाले लिखित नोटिस द्वारा उसे निरस्त न कर दे।

25. मांग राशि के भुगतान का समय बढ़ाना :— मण्डल समय-समय पर और अपने विवेक से शेयरधारक/कों के निवास-स्थान की दूरी अथवा कुछेक अन्य पर्याप्त कारण पर विचार करते हुए सभी शेयरधारकों या उनमें से किसी एक को किसी मांग के भुगतान हेतु नियत समय को बढ़ा सकता है, किन्तु किसी भी शेयरधारक को ऐसे समय बढ़ाए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

26. संयुक्त धारकों के दायित्व :—किसी शेयर के संयुक्त धारक संयुक्त रूप से और अलग-अलग उक्त शेयर से सम्बन्धित सभी मांगों का भुगतान करने के लिए जवाबदेह होंगे।

27. मांग के रूप में नियत समय पर या किश्तों द्वारा देय रकम :—यदि किसी शेयर के निर्गम की शर्तों द्वारा या अन्यथा कोई रकम किसी नियत समय पर या नियत समयों पर किश्तों में देय हो तो ऐसी प्रत्येक रकम या किश्त उस रूप में देय होगी जैसे कि वह मण्डल द्वारा विहित रूप से की गई मांग पर हो और जिसके लिए विहित नोटिस दिया गया हो और उक्त मांगों के सम्बन्ध में इसमें समाविष्ट सभी प्रावधान तदनुसार ऐसी रकम या किश्त से सम्बन्धित होंगे।

28. जब मांग या किश्त पर ब्याज देय हो :—यदि किसी मांग या किश्त से सम्बन्धित देय धनराशि का उसके भुगतान के लिए नियत दिन के पूर्व या उस दिन तक भुगतान न किया गया हो, तो जिस शेयर के सम्बन्ध में मांग की गई होगी या किश्त देय हुई होगी, उस समय उसके धारक या आवंटिती को ऐसी धनराशि पर उसके भुगतान के लिए नियत दिन से वास्तविक भुगतान के समय तक मण्डल द्वारा समय-समय पर नियत की जाने वाली दर से ब्याज का भुगतान करना होगा, किन्तु मण्डल अपने विवेक पर ऐसे ब्याज की अदायगी को पूर्णतः या आंशिक रूप से छूट दे सकता है।

29. शेयरधारक द्वारा मांग धनराशि की गैर-अदायगी :—कोई भी शेयरधारक जब तक स्वयं द्वारा चाहे एकल रूप से या किसी व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप से धारित प्रत्येक शेयर पर तत्समय बकाया और देय सभी मांग धनराशियों का उन पर लगाये जाने वाले ब्याज एवं खर्च सहित भुगतान नहीं कर चुका होगा, तब तक किसी प्रकार का लाभांश प्राप्त करने या शेयरधारक के किसी भी अधिकार का प्रयोग करने का पात्र नहीं होगा ।

30. मांग धनराशि या किश्त की गैर-अदायगी पर नोटिस :—यदि कोई शेयरधारक किसी मांग धनराशि या किश्त या किसी शेयर के सम्बन्ध में चाहे मूलधन या फिर ब्याज के रूप में देय किसी धनराशि का, उसके भुगतान के लिए नियत दिन के पूर्व या उस दिन तक पूर्णतः या उसके किसी अंश का भुगतान करने में असफल रहता है तो बैंक तत्पश्चात् उस समय के दौरान जब तक मांग धनराशि या किश्त या उसका कोई भी अंश या अन्य धनराशियां भुगतान हेतु बकाया रहती हैं या उनसे सम्बन्धित किसी निर्णय या डिक्री का पूर्णतः या आंशिक रूप से समाधान नहीं होता, तो किसी भी समय ऐसे शेयरधारक या शेयर के हकदार व्यक्ति (यदि कोई हो) को ऐसा नोटिस भेज सकता है, जिसमें उसने ऐसी मांग धनराशि या किश्त या उनके या अन्य धनराशियों के ऐसे अंश का भुगतान करने के लिए कहा गया हो, जो भुगतान हेतु बकाया हों, इनमें उस समय तक उपचित हो चुके किसी ब्याज तथा ऐसे सभी खर्चों (विधिक या अन्यथा) का भी समावेश होगा, जिनका इस प्रकार की गैर-अदायगी के कारण बैंक द्वारा भुगतान किया गया हो या वहन किया गया हो ।

31. जब्ती का नोटिस :—जब्ती के नोटिस में उस दिन, जो नोटिस की तिथि से चौदह दिन से कम न हो तथा उस या उन स्थान या स्थानों का नामोल्लेख होना चाहिए जिस या जिन पर ऐसी मांग धनराशि या किश्त या ऐसे अंश या अन्य धनराशियों तथा उपर्युक्तानुसार ब्याज एवं खर्चों का भुगतान किया जाना हो । उक्त नोटिस में यह भी उल्लेख होना चाहिए कि नियत समय के पूर्व या उस समय तक और स्थान पर भुगतान न होने की स्थिति में ऐसे शेयर जिनके सम्बन्ध में मांग की गई थी या किश्त देय है, जब्त कर लिए जाने के पात्र होंगे ।

32. चूक पर जब्त किए जाने वाले शेयर :—यदि पूर्वोक्तानुसार दिए गए नोटिस की अपेक्षाओं का अनुपालन नहीं किया जाता तो जिन शेयरों के सम्बन्ध में ऐसा नोटिस दिया गया है उनमें से कोई भी शेयर उसके पश्चात् किसी भी समय मांग धनराशि या किश्तें, ब्याज और खर्चे या उनसे सम्बन्धित देय धनराशियां उक्त आशय के मण्डल के संकल्प द्वारा जब्त किए जा सकेंगे । ऐसी जब्ती में जब्त किए गए शेयरों के सम्बन्ध में घोषित और जब्ती के पूर्व वास्तविक रूप से भुगतान न किए गए सभी लाभांशों का समावेश होगा ।

33. रजिस्टर में जब्ती की प्रविष्टि :—विनियम 32 के अधीन कोई शेयर जब्त कर लिए जाने पर उक्त जब्ती की रजिस्टर में उसकी तिथि सहित प्रविष्टि की जानी होगी ।

34. जब्त शेयर बैंक की सम्पत्ति होंगे और बेचे जा सकेंगे :—इस प्रकार जब्त किया गया कोई भी शेयर बैंक की सम्पत्ति माना जाएगा और उसे ऐसी शर्तों पर तथा ऐसी विधि से, जो मण्डल निर्धारित करे, किसी भी व्यक्ति को बेचा जा सकता है, पुनः आबंटित किया जा सकता है या अन्यथा निबटाया जा सकता है ।

35. जब्ती को निष्प्रभावी बनाने का अधिकार :—विनियम 32 के अधीन इस प्रकार जब्त किए गए किसी शेयर के बेच दिए जाने, पुनः आबंटित किए जाने या अन्यथा निबटा दिए जाने के पूर्व मण्डल किसी भी समय ऐसी शर्तों पर, जिन्हें वह उचित समझे उनकी जब्ती को निष्प्रभावी बना सकता है ।

36. जब्ती के समय बकाया धनराशि और ब्याज के भुगतान के लिए शेयरधारक जिम्मेवार है :—कोई भी ऐसा शेयरधारक जिसके शेयर जब्त किए गए हों, जब्ती के बावजूद भुगतान के लिए जिम्मेवार होगा तथा वह बैंक को सभी मांग धनराशियों, किश्तों, ब्याज, खर्चों तथा जब्ती के समय उन पर या ऐसे शेयरों के सम्बन्ध में देय अन्य धनराशियों का जब्ती के समय से भुगतान की तिथि तक मण्डल द्वारा यथानिर्धारित दर के अनुसार, उन पर उपचित ब्याज सहित, तत्काल भुगतान करेगा तथा मण्डल उनके पूर्णतः या किसी हिस्से के भुगतान को प्रवृत्त करेगा ।

37. आंशिक भुगतान से जब्ती प्रतिबाधित नहीं होगी :—मांग धनराशियों या किसी शेयर के सम्बन्ध में बकाया अन्य धनराशियों के लिए बैंक के पक्ष में हुआ न तो कोई निर्णय या न कोई डिक्री, न ही उसके अधीन किया गया कोई भुगतान या समाधान, न ही बैंक द्वारा किसी धनराशि के ऐसे हिस्से की प्राप्ति, जो किसी शेयरधारक से समय-समय पर किसी शेयर के सम्बन्ध में चाहे मूलधन के रूप में या ब्याज के रूप में बकाया हो, न ही किसी धनराशि के भुगतान के सम्बन्ध में बैंक द्वारा मंजूर किया गया कोई अनुग्रह इन विनियमों के अधीन ऐसे शेयरों की जब्ती को प्रतिबाधित करेगा ।

38. शेयर की जब्ती बैंक के विरुद्ध सभी दावों को समाप्त कर देती है :—किसी शेयर की जब्ती में जब्ती के समय उससे जुड़े सभी हितों और उक्त शेयर के सम्बन्ध में बैंक के विरुद्ध किए जाने वाले सभी दावों एवं की जाने वाली मांगों तथा केवल उन अधिकारों को छोड़कर जो इन प्रसंविदाओं द्वारा स्पष्ट रूप से अधिव्यक्त कर दिए गए हैं, उक्त शेयर से प्रासंगिक अन्य सभी अधिकारों की समाप्ति शामिल होती है ।

39. जब्त कर लिए जाने के फलस्वरूप बिक्री, पुनर्निर्गम, पुनराबंटन या निपटान पर मूल शेयरों का अकृत और शून्य हो जाना :—पूर्वगामी विनियम के प्रावधानों के अधीन किसी बिक्री, पुनर्निर्गम, पुनराबंटन या अन्य निपटान पर सम्बन्धित शेयरों के सम्बन्ध में मूल रूप से जारी प्रमाणपत्र (जब तक कि वे बैंक द्वारा की गई मांग पर चूककर्ता सदस्य द्वारा उसे न सौंप दिए गये हों) निरस्त हो जाएंगे तथा अकृत और शून्य हो जाएंगे एवं निष्प्रभावी हो जाएंगे, मण्डल उन व्यक्ति या व्यक्तियों को जो उनके पात्र हों, उक्त शेयरों के सम्बन्ध में नया या नये प्रमाणपत्र जारी करने का हकदार होगा ।

40 जब्ती प्रावधानों का लागू होना : इन विनियमों के जब्ती से संबंधित प्रावधान किसी धनराशि के भुगतान न होने की स्थिति में लागू होंगे, जो किसी शेयर के निर्गम की शर्त द्वारा किसी नियत समय पर चाहे शेयरों के नाममात्र मूल्य के रूप में या फिर प्रीमियम के रूप में इस प्रकार देय होते हैं जैसे कि वे विहित रूप से की गयी मांग के फलस्वरूप देय बनाए गये हों ।

41. शेयरों पर धारणाधिकार : (i) बैंक का निम्नलिखित पर प्रथम एवं सर्वोच्च धारणाधिकार होगा

(क) प्रत्येक शेयर (जो पूर्णतः चुकता शेयर न हो) पर, उस शेयर से संबंधित मांग या नियत समय पर देय सभी प्रकार की धनराशियों (चाहे वे वर्तमान में देय हों या नहीं) के लिए ,

(ख) किसी एकल व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत किए हुए सभी शेयरों (जो पूर्णतः चुकता शेयर न हों) पर बैंक को उनके या उनकी संपदा द्वारा वर्तमान में देय सभी प्रकार की धनराशियों के लिए ।

(ग) प्रत्येक व्यक्ति के नाम पर (चाहे एकल रूप से या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से) पंजीकृत सभी शेयरों पर तथा बैंक के प्रति या उसके साथ एकल रूप से या किसी अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप से उसकी/उनकी देनदारियों, देयताओं और प्रतिबद्धताओं के लिए उनके बिक्री आगमों पर, चाहे उनके भुगतान, पूर्णता या उन्मोचन की अवधि वास्तविक रूप से पूरी हो गयी हो या नहीं, तथा बैंक द्वारा उसके धारणाधिकार पर किसी शेयर पर किसी प्रकार की साम्यिक हितबद्धता को मान्यता नहीं प्रदान की जाएगी ।

शर्त यह है कि निदेशक मण्डल किसी भी समय किसी भी शेयर के लिए इस खण्ड के प्रावधानों से पूर्णतः या आंशिक छूट की घोषणा कर सकता है ।

(ii) किसी शेयर पर बैंक का धारणाधिकार, यदि कोई हो, तो उस पर देय सभी लाभांशों तक विस्तारित होगा ।

42. शेयरों की बिक्री द्वारा धारणाधिकार लागू करना : (i) बैंक किसी भी ऐसे शेयर को, जिस पर कंपनी का धारणाधिकार हो, उस विधि से बेच सकता है, जो मण्डल उचित समझे :

(क) यदि जिस धनराशि के संबंध में धारणाधिकार अस्तित्व में है, वह वर्तमान में देय हो, और

(ख) शेयर के तत्समय पंजीकृत धारक या उसकी मृत्यु अथवा दिवालिया हो जाने के कारण उसके हकदार व्यक्ति को इस आशय का उल्लेख करते हुए तथा जो रकम वर्तमान में देय हो उसके जिस हिस्से के संबंध में धारणाधिकार अस्तित्व में हो, उसके भुगतान की मांग करते हुए लिखित रूप में नोटिस दिए जाने के चौदह दिनों की समाप्ति पर ।

(ii) किसी भी ऐसी बिक्री को प्रभावी बनाने के लिए मण्डल उन शेयरों के खरीदार को बेचे गये शेयर हस्तांतरित करने हेतु प्राधिकृत कर सकता है ।

43. शेयरों के बिक्री आगमों का उपयोग : विनियम 42 के अधीन शेयरों के किसी बिक्री के निवल आगमों का ऐसी बिक्री लागत घटाने के उपरांत उपयोग ऐसे कर्ज या देयता के समाधान में किया जाएगा जिसके संबंध में फिलहाल धारणाधिकार अस्तित्व में हो, क्योंकि वह वर्तमान में देय है तथा शेष राशि, यदि कोई हो, का भुगतान शेयरधारकों अथवा उस व्यक्ति, यदि कोई हो, को किया जाएगा, जो इस प्रकार बेचे गए शेयरों के प्रेषण द्वारा हकदार हो ।

44. जब्ती प्रमाणपत्र : किसी निदेशक अथवा इस प्रयोजन के लिए विहित रूप से प्राधिकृत बैंक के किसी अन्य अधिकारी की लिखावट में इस आशय का प्रमाणपत्र कि शेयर के संबंध में मांग की गई थी और कि उक्त शेयर की जब्ती मण्डल के उक्त आशय के संकल्प द्वारा की गई थी, ऐसे शेयरों के हकदार सभी व्यक्तियों के विरुद्ध उसमें वर्णित तथ्य का निर्णायक साक्ष्य होगा ।

45. जब्त शेयर के खरीदार एवं आबंटिती का हक : बैंक किसी शेयर की किसी बिक्री, पुनराबंटन या उसके किसी अन्य निपटान पर दिए जाने वाले प्रतिफल को प्राप्त कर सकता है तथा जिस व्यक्ति को ऐसा शेयर बेचा, पुनराबंटित या निपटाया गया है, उसे उक्त शेयर के धारक के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है और वह प्रतिफल, यदि कोई हो, के उपयोग का ध्यान रखने के लिए बाध्य नहीं होगा, न ही शेयर की जब्ती, बिक्री, पुनराबंटन या अन्य निपटान के संदर्भ में होने वाली कार्यवाहियों में बरती गई किसी प्रकार की अनियमितता या अवैधता द्वारा शेयर से संबंधित उसका हक प्रभावित होगा तथा बिक्री द्वारा असंतुष्ट किसी व्यक्ति का उपचार केवल क्षतिपूर्ति से और वह भी पूर्णतः बैंक के विरुद्ध होगा ।

46. शेयरधारकों को नोटिस या प्रलेख तामील करना : (i) बैंक किसी शेयरधारक को नोटिस या प्रलेख या तो व्यक्तिगत रूप से या उसके आवासीय पते पर सामान्य डाक द्वारा या फिर यदि भारत में उसका कोई आवासीय पता न हो तो उसे नोटिस देने के लिए उसके द्वारा बैंक को दिए गये भारत के भीतर के पते, यदि हो, पर तामील कर सकता है ।

(ii) जहां कोई प्रलेख या नोटिस डाक द्वारा भेजा गया हो, ऐसे प्रलेख या नोटिस के तामील किए जाने को उक्त प्रलेख या नोटिस वाले पत्र के समुचित रूप से संबोधन, पूर्व-भुगतान या प्रेषण द्वारा प्रभावित किया गया माना जाएगा ।

शर्त यह है कि जहां किसी शेयरधारक ने बैंक को अग्रिम रूप से इस आशय की सूचना दी हो कि उसे प्रलेख डाक प्रमाणपत्र के अंतर्गत या रसीदी अथवा गैर-रसीदी पंजीकृत डाक द्वारा भेजे जाने चाहिए तथा ऐसा करने में होने वाले खर्च का हिसाब चुकाने की दृष्टि से पर्याप्त धनराशि बैंक में जमा कर दी हो, तो जब तक कि उक्त प्रलेख या नोटिस शेयरधारक द्वारा सूचित विधि से न भेजे गए हों, उन्हें तामील किया हुआ नहीं माना जाएगा और किसी बैठक से संबंधित नोटिस के मामले में ऐसे तामील को उक्त नोटिस वाले पत्र के प्रेषित किए जाने के उपरांत अड़तालीस घण्टों की समाप्ति पर तथा किसी अन्य मामले में उस समय तामील किया हुआ माना जाएगा जब कि डाक प्रेषण की सामान्य प्रक्रिया में उक्त पत्र की सुपुर्दगी की जा सकती थी ।

(iii) भारत में व्यापक तौर पर प्रसारित होने वाले समाचार पत्र में विज्ञापित किसी नोटिस या प्रलेख को जिस दिन उक्त विज्ञापन प्रकाशित हो, उस दिन बैंक के ऐसे प्रत्येक शेयरधारक को तामील किया हुआ माना जाएगा, जिसका भारत में कोई भी पंजीकृत पता न हो और जिसने उसे नोटिस देने के लिए बैंक को भारत के भीतर का कोई पता न दिया हो ।

(iv) बैंक द्वारा किसी शेयर के संयुक्त धारक को कोई नोटिस या प्रलेख उक्त शेयर से संबंधित रजिस्टर में पहले नामोल्लेख वाले संयुक्त धारक को तामील करते हुए तामील किया जा सकता है और इस प्रकार दिया गया नोटिस उक्त शेयरों के सभी धारकों को पर्याप्त नोटिस होगा ।

(v) बैंक द्वारा किसी शेयरधारक की मृत्यु पर या दिवालियेपन के फलस्वरूप किसी शेयर के हकदार व्यक्तियों को उनके नाम द्वारा या मृत के प्रतिनिधियों की उपाधि द्वारा या दिवालिये के समनुदेशितियों या ऐसे ही किसी अन्य विवरण द्वारा संबोधित करते हुए, इस प्रकार हकदार होने का दावा करने वाले व्यक्तियों द्वारा उक्त प्रयोजन हेतु दिए गए पते, यदि कोई हो, पर अथवा जब तक कोई ऐसा पता न दे दिया जाए, तब तक मृत्यु या दिवाला न होने की स्थिति में जिस विधि से तामील किया गया होता, वैसी ही किसी भी विधि से तामील करते हुए कोई नोटिस या प्रलेख दिया जा सकता है ।

(vi) बैंक द्वारा दिए जाने वाले किसी भी नोटिस पर हस्ताक्षर लिखित या मुद्रित होना चाहिए ।

## अध्याय—III

### डिपोजिटरी में धारित बैंक की प्रतिभूतियां

47. डिपोजिटरी और बैंक के बीच करार :—बैंक स्वयं द्वारा जारी प्रतिभूतियों के संबंध में उसकी सेवाएं प्राप्त करने के लिए किसी एक या अधिक डिपोजिटरी के साथ करार सम्पन्न कर सकता है।

48. सहभागी और डिपोजिटरी के बीच करार :—(i) कोई भी सहभागी डिपोजिटरी के साथ उसके अभिकर्ता के रूप में कार्य करने हेतु करार संपन्न कर सकता है । वह डिपोजिटरी जिसके साथ करार संपन्न किया जाएगा ऐसा होगा, जिसकी सेवाएं प्राप्त करने पर बैंक विनियम 47 के अधीन सहमत हुआ है।

(ii) बैंक का कोई भी शेयरधारक सहभागी के माध्यम से बैंक द्वारा जारी की गई प्रतिभूतियों के संबंध में उसकी सेवाएं प्राप्त करने हेतु ऐसे डिपोजिटरी द्वारा निर्धारित फार्म में उक्त डिपोजिटरी के साथ करार संपन्न कर सकता है।

49. प्रतिभूति प्रमाणपत्र का अभ्यर्पण :—(i) बैंक का कोई भी ऐसा शेयरधारक या किसी भी प्रतिभूति का धारक, जिसने उपर्युक्त विनियम 48 के अधीन कोई करार किया हो, उस प्रतिभूति प्रमाणपत्र को बैंक को अभ्यर्पित कर देगा, जिसके संबंध में वह डिपोजिटरी की सेवाएं प्राप्त करना चाहता है।

(ii) बैंक उपर्युक्त उप-विनियम (i) के अधीन प्रतिभूति प्रमाणपत्र की प्राप्ति पर उक्त प्रतिभूति प्रमाणपत्र को रद्द कर देगा तथा अपने अभिलेख में उस प्रतिभूति के संबंध में डिपोजिटरी का नाम उसके पंजीकृत स्वामी के रूप में दर्ज कर लेगा एवं डिपोजिटरी को तदनुसार सूचित करेगा।

(iii) डिपोजिटरी उपर्युक्त उप-विनियम (ii) के अधीन सूचना की प्राप्ति पर उपर्युक्त उप-विनियम (i) में उल्लिखित व्यक्ति का नाम अपने अभिलेख में उसके हितकारी स्वामी के रूप में दर्ज करेगा।

50. प्रतिभूतियों के हस्तान्तरण का डिपोजिटरी के पास पंजीकरण :—प्रत्येक डिपोजिटरी बैंक से हस्तांतरित किए जाने की सूचना की प्राप्ति पर प्रतिभूतियों के हस्तांतरण को हस्तांतरिती के नाम पर पंजीकृत करेगा।

51. प्रतिभूति प्रमाणपत्र प्राप्त करने अथवा किसी डिपोजिटरी के पास रखी प्रतिभूति के धारण का विकल्प :—

(i) बैंक द्वारा प्रस्तावित प्रतिभूतियों में अभिदान करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को या तो प्रतिभूति प्रमाणपत्र

पाने या फिर डिपोजिटरी के पास रखी प्रतिभूति को धारण करने का विकल्प प्राप्त होगा।

(ii) जब कोई व्यक्ति डिपोजिटरी के पास रखी प्रतिभूति को धारण करने का विकल्प चुनता है, तो बैंक को ऐसे डिपोजिटरी को ऐसी प्रतिभूतियों के आबंटन से संबंधित विवरण देना होगा तथा ऐसी सूचना की प्राप्ति पर, डिपोजिटरी अपने रजिस्टर में उक्त आबंटिती का नाम उस प्रतिभूति के हितकारी स्वामी के रूप में दर्ज करेगा।

52. डिपोजिटरी के अधीन प्रतिभूतियां समरूप आरूप में होंगी :—डिपोजिटरी द्वारा धारित सभी प्रतिभूतियां बेकागजीकृत होंगी तथा ये समरूप आरूप में होंगी।

53. हितकारी स्वामी के अधिकार :—हितकारी स्वामी सभी अधिकारों एवं लाभों का पात्र होगा तथा उसे डिपोजिटरी द्वारा धारित अपनी प्रतिभूतियों के संबंध में समस्त देयताओं के लिए उत्तरदायी माना जाएगा।

54. हितकारी स्वामी का रजिस्टर :—(i) प्रत्येक डिपोजिटरी को हितकारी स्वामियों का एक ऐसा रजिस्टर तथा ऐसी सूची इस रूप में रखनी होगी, जो डिपोजिटरी अधिनियम, 1996 के अधीन या भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा डिपोजिटरी द्वारा धारित बैंक की प्रतिभूतियों के संबंध में निर्धारित विधि के अनुरूप हो।

(ii) डिपोजिटरी बैंक को, ऐसे अन्तरालों पर जो बैंक द्वारा निर्धारित किए जाएं, अपनी ओर से रखे गये हितकारी स्वामियों के रजिस्टर एवं सूची की एक अद्यतन प्रति प्रस्तुत करेगा।

55. किसी प्रतिभूति के संबंध में अलग होने का विकल्प :

(i) यदि हितकारी स्वामी किसी प्रतिभूति के संबंध में डिपोजिटरी से अलग होने के विकल्प को अपनाना चाहता है, तो उसे डिपोजिटरी को तदनुसार सूचित करना होगा।

(ii) डिपोजिटरी उपर्युक्त उप-विनियम (i) के अधीन ऐसी सूचना की प्राप्ति पर अपने अभिलेखों में उपयुक्त प्रविष्टि करेगा तथा बैंक को सूचित करेगा।

(iii) बैंक डिपोजिटरी से सूचना की प्राप्ति के 30 (तीस) दिनों के भीतर तथा भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड डिपोजिटरीज एवं सहभागी विनियम 1996 और/अथवा डिपोजिटरीज अधिनियम, 1996 में यथा विनिर्दिष्ट शर्तों के पूरी होने और शुल्कों के भुगतान पर हितकारी स्वामी या हस्तांतरिती जैसी भी स्थिति हो, को प्रतिभूति प्रमाणपत्र जारी करेगा।

## अध्याय—IV

### शेयरधारकों की बैठकें

56. वार्षिक सामान्य सभा बुलाने की सूचना :

(i) बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा कार्यपालक निदेशक या किसी प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित शेयरधारकों की वार्षिक सामान्य सभा बुलाने विषयक नोटिस भारत में व्यापक तौर पर प्रसारित होने वाले कम से कम दो दैनिक समाचारपत्रों में उक्त सभा के कम से कम पूरे इक्कीस दिन पहले प्रकाशित कराया जायेगा।

(ii) प्रत्येक ऐसे नोटिस में इस प्रकार की सभा के समय, तिथि एवं स्थान और उस सभा में संपन्न किये जाने वाले कार्य का भी उल्लेख होगा।

(iii) ऐसी सभा का समय और तिथि मण्डल द्वारा यथा-निर्धारित रूप में होंगे। सभा बैंक के प्रधान कार्यालय वाले स्थान पर आयोजित होगी।

57. असाधारण सामान्य सभा :

